# कार्यालय मुख्य वन संरक्षक, कांकेर वृत्त, कांकेर (छत्तीसगढ़)

ccfkanker3@gmail.com (07868) 222014 (07868)222472

क्रमांक/मा.चि./.....1900.......... कांकेर, दिनांक/16/06/2017

प्रति,

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक
(भू–प्रबंध)
छत्तीसगढ़ रायपुर।

विषय :– कोण्डागांव जिले के केशकाल वनमंडल अंतर्गत ग्राम पाटला से केशकाल में ऑप्टिकल फाईयबर केबल बिछाने हेतु रकबा 0.830 हे. वन भूमि का वन संरक्षण अधिनियम 1980 अंतर्गत महाप्रबंधक रिलायंस जियों इंफोकॉम रायपुर छ.ग. को उपयोग पर देने बाबत्। पंजीयन क्रमांक/FP/CG/OTHERS/16727/2016

संदर्भः– आपका क्रमांक/भू–प्रबंध/ विविध/115–647/1054 दिनांक 21.04.2017

::000::

विषयांतर्गत संदर्भ में निवेदन है कि कोण्डागांव जिले के केशकाल वनमंडल अंतर्गत ग्राम पाटला से केशकाल में ऑप्टिकल फाईयबर केबल बिछाने हेतु रकबा 0.830 हे. वन भूमि का वन संरक्षण अधिनियम 1980 अंतर्गत व्यपवर्तन हेतु प्रस्ताव में संदर्भित पत्र के माध्यम से उठाई गई आपत्तियों का निराकरण वनमंडलाधिकारी केशकाल ने अपने पत्र क्रमांक/मा.चि./2912 दिनांक 12.06.2017 द्वारा इस कार्यालय को प्रस्तुत किया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :–

1. वनमंडलाधिकारी के स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन प्रपत्र–3 में क्षेत्रफल का गणना दशमलव के बाद तीन अंको तक लिया गया है, किन्तु एरिया स्टेटमेंट के फलस्वरूप 0.002 अंतर आया है, जिसे सुधार किया गया है।
2. वन अधिकार अधिनियम अंतर्गत कलेक्टर, जिला कोण्डागांव द्वारा वन अधिकार पत्र वितरण संबंधी बोरगांव, बहीगांव, मांझी आठागांव एंव चिचाड़ी ग्रामों का अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्रस्ताव के पृष्ठ क्रमांक 58, 59, 66, 67, 72, 73, 74, 75 में दिया गया है।
3. ग्राम धनोरा, चारभाटा वनखण्ड का नाम है। यह ग्राम राष्ट्रीय राजमार्ग से बहुत दूर है, जिसमें ऑप्टिकल फॉईबर केबल बिछाने का कार्य नहीं किया जाना है। इस में शामिल कक्ष बटराली ग्राम पंचायत में आता है। प्रस्ताव के पृष्ठ क्रमांक 60–61 में दिया गया है।
4. डी.जी.पी.एस.सर्वे रिपोर्ट का **Verify** कर प्रस्ताव के पृष्ठ क्रमांक 133 से 164 तक संलग्न है।

अतः प्रकरण के प्रस्ताव एवं डी.जी.पी.एस सर्वे रिपोर्ट सहित 03–03 प्रतियों में आपकी ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु संलग्न सादर सम्प्रेषित है।

संलग्न :– प्रस्ताव एवं डी.जी.पी.एस. सर्वे
रिपोर्ट सहित 03–03 प्रतियों में।

मुख्य वन संरक्षक,
कांकेर वृत्त, कांकेर

पृ.क्रमांक/मा.चि./ 1901 कांकेर, दिनांक/16/06/2017

प्रतिलिपि :—

1. **वनमंडलाधिकारी केशकाल वनमंडल** को उनके पत्र क्रमांक/मा.चि./2912 दिनांक 12.06.2017 के संदर्भ में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।
2. **महाप्रबंधक, (कॉर्पो.अफेयर्स) रिलांयस जियो, इंफोकॉम लिमिटेड,** चौथी मंजिल **401—405 अंबुजामाल विधानसभा रोड़ कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड नम्बर 26 मोवा** रायपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

मुख्य वन संरक्षक,
कांकेर वृत्त, कांकेर